**खबर संक्षेप**

### शार्ट एनकाउंटर में आरोपी को लगी गोली

**कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर लूट की वरदात को अंजाम देने वाले आरोपी का पुलिस ने शार्ट एनकाउंटर किया है। पुलिस आरोपी को छतरपुर से गिरफ्तार कर कटनी ला रही थी। इसी दौरान रास्ते में पुलिस वाहन पंचर हो गया, जिसके चलते वाहन रोका गया था। इस मौके का फायदा उठाकर आरोपी ने पुलिस अधिकारी की पिस्टल छीन ली और भागने लगा। यही नहीं, पुलिस ने जब आरोपी को रोकने का प्रयास किया तो उसने छीनी हुई पिस्टल से फायरिंग कर दी। इसपर पुलिस की ओर से भी जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी के पैर में गोली मारकर उसे दबोच लिया। एसपी अभिनय ने बताया कि लगातार हो रही लूट की वरदातों को मद्देनजर रखते हुए आरोपियों की पतासाजी के लिए टीमें बनाई गई थीं। एक टीम लुटेरों का सुराग मिलने पर छतरपुर गई थी। वहां से मुख्य आरोपी इतवार सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए कटनी लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में पुलिस वाहन पंचर हो गया। मौके का फायदा उठाते हुए आरोपी ने पुलिस अधिकारी की पिस्टल छीनी और भागने लगा। बताया गया है कि आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की तो जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक गोली आरोपी के पैर में लगी और वो घायल होकर गिर पड़ा। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को पकड़कर इलाज के लिए कटनी जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

### ट्रेन में चढ़कर एक्ट्रेस के साथ लूट की कोशिश

**कटनी।** कटनी जंक्शन के आउटर में छत्तीसगढ़ की फिल्म एक्ट्रेस ज्योत्सना ताम्रकार के साथ लूटपाट की कोशिश हुई। बताया जाता है कि एक्ट्रेस रीवा से बिलासपुर की जाने वाली ट्रेन नंबर 18248 में यात्रा कर रही थी। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके पूरी घटना की जानकारी दी है। वीडियो में ज्योत्सना ने बताया कि जब ट्रेन कटनी जंक्शन के पास आउटर पर खड़ी थी। तभी एक युवक आया उसका चेहरा कपड़े से ढका हुआ था। वह ट्रेन में चढ़ गया फिर मोबाइल और पर्स छीनने की कोशिश करने लगा। ज्योत्सना ताम्रकार हिम्मत दिखाते हुए जब उसका हाथ पकड़ लिया तो हमलावर ने उसके चेहरे पर, आंखों के नीचे मुक्का मारकर घायल कर दिया और मौके से भाग निकला। इस घटना से ट्रेन के मौजूद यात्रियों में दहशत फैल गई। एक्ट्रेस ने बताया कि ट्रेन के दूसरे डिब्बों में भी चोरी की घटनाएं हुई हैं जिससे ये स्पष्ट होता है कि ये काम किसी अकेले आदमी का नहीं बल्कि एक समूह का है। एक्ट्रेस ने तुरंत ही रेलवे हेल्पलाइन नंबर का कॉल करके मामले की शिकायत की, लेकिन न मौके पर पुलिस पहुंची न ही की कोई कार्रवाई हुई। उन्होंने सरकार और रेलवे प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेने और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे मामले जीआरपी थाना प्रभारी एल पी कश्यप ने जानकारी मे बताया कि घटना के संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है जिस पर आगे जानकारी प्राप्त करके विधि संगत कार्रवाई की जाएगी।

### 16 लोगों पर 3500 रुपये का वसूला जुर्माना

**कटनी।** शहर में सुगम यातायात की सुविधा मुहैया कराने के हेतु पुलिस विभाग एवं नगर निगम की टीम द्वारा रोजाना नगर के मुख्य मार्गों में संयुक्त कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक मार्गों में अतिक्रमण एवं यातायात बाधित कर व्यवसाय करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस एवं नगर निगम की अतिक्रमण विभाग के दस्ते द्वारा विगत दिवस गोल बाजार एवं रेल्वे स्टेशन मुख्य मार्ग में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गों में अतिक्रमण करने वाले 16 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 3हजार 500 रूपये का जुर्माना वसूला गया। संयुक्त कार्यवाही के दौरान नो पार्किंग जोन पर खड़े वाहनों पर भी कार्यवाही की गई।

### चलाया सफाई अभियान

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु दो पालियों में की जाने वाली सफाई व्यवस्था के तहत बस स्टेंड परिसर, मेन रोड, सुभाष चौक, गांधी द्वारा से मिशन चौक, मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग, सेल्फी प्वाइंट, जिला सत्र न्यायालय परिसर, मुक्तिधाम परिसर, सहित उत्कृष्ट महाविद्यालय परिसर, पुराना महिला कॉलेज परिसर, अन्य स्थलों एवं मुख्य मार्ग के डिवाइडर की सफाई का कार्य कराया गया।

# युवक के पेट में दो भाइयों ने घोंपा चाकू, हालत गंभीर

## पुरानी रंजिश के चलते किया हमला



**सतना।** कबाड़ी टोला में एक युवक पर दो भाइयों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना शनिवार की शाम करीब 7 बजे की है। कोलगवां थाना क्षेत्र में 20 साल का अरुण चौधरी दुकान से गुटखा खरीदकर घर लौट रहा था। इसी दौरान राज चौधरी और उमेश चौधरी ने उसे रोका। दोनों भाइयों ने पहले गाली-गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद राज ने चाकू निकालकर अरुण के पेट में घोंप दिया।

### पुरानी रंजिश के चलते किया वार

आसपास के लोगों के शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में घायल अरुण को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार ये हमला पुरानी रंजिश का मामला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शराब पीकर ड्यूटी करते सहायक उपनिरीक्षक का वीडियो वायरल, लाइन अटैच

सतना।



रविवार सुबह एएसआई का शराब के नशे में ड्यूटी करते हुए वीडियो सामने आया है। कोलगवां थाने में पदस्थ एएसआई गणेश रावत माधवगढ़ पॉइंट पर ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में धुत दिखाई दिए। शनिवार शाम की इस घटना में एएसआई रावत ट्रकों और भारी वाहनों को रोककर कथित तौर पर अवैध वसूली कर रहे थे। एक ट्रक चालक ने जब अपनी गाड़ी रोकने का कारण पूछा तो एएसआई भड़क गए। उन्होंने ट्रक चालक को गालियां दीं। साथ ही अपने थाने के टीआई को भी अपशब्द कहे। ट्रक चालकों से अवैध वसूली के आरोप वायरल वीडियो में एएसआई रावत वर्दी में नशे की हालत में झूमते दिख रहे हैं। उनकी जुबान लड़खड़ा रही है। लोगों के अनुसार,इससे पहले भी एएसआई रावत पर ट्रक चालकों से अवैध वसूली के आरोप लग चुके हैं। ट्रक चालक ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया।

### एएसआई को लाइन अटैच किया

एडिशनल एसपी सिटी शिवेश सिंह ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आने पर एएसआई गणेश रावत को लाइन अटैच कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शराब के नशे में ट्रक ड्राइवर से बहस और टीआई के लिए अभद्र भाषा के प्रयोग के मामले की जांच सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी गई है।

## चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में बुजुर्ग की डूबने से मौत



चित्रकूट में स्फटिक शिला घाट पर नहाते वक्त हुई घटना

**सतना।** चित्रकूट में रविवार को मंदाकिनी नदी में स्फटिक शिला घाट पर नहाने गए एक बुजुर्ग की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान यूपी के कर्बी जिले के बंदरकोल निवासी 55 वर्षीय फूलचंद यादव के रूप में हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फूलचंद स्फटिक शिला घाट पर नहाने उतरे थे। बारिश के कारण मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ा हुआ था। तैरना न आने के कारण वे पानी के तेज बहाव में बह गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। टीआई डीआर शर्मा के मुताबिक स्फटिक शिला के पास आरोग्यधाम हेलीपैड की बाउंड्री के सामने से शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## साहू समाज ने विधायक का किया सम्मान



**मैहर।** विगत दिनों मां कर्मा देवी मंदिर निर्माण हेतु सनकुटा तालाब के पास मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने 50 हजार की राशि साहू समाज को दिया था,समाज के जिला अध्यक्ष दीपक साहू तहसील अध्यक्ष रामेश्वर साहू एवं समाज के दर्जनों लोग विधायक कार्यलय पहुँच कर विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी का स्वगात सम्मान किया गया। जिसमें लक्ष्मी प्रशाद साहू युवा जिला अध्यक्ष,कौशल साहू सरपंच बेरमा,धनीराम साहू एल.आई.सी.सलाहकार मनीष साहू पिपरा,प्रदीप ढोलनी,सुरेश साहू,सुनील साहू डेल्हा सोनवारी,राजन साहू कनवारा रामवतार साहू,शिवम साहू,जगपाल साहू,समाज के लोग उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 82.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 22 जून तक 82.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 135 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 53.3 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 48.7 मि.मी, बिरसिंहपुर में 66.7 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 31 मि.मी.,नागौद में 183.8 मि.मी.,जसो (नागौद) में 30.3 मि.मी. एवं उचेहरा में 108.5 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 21.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

## स्मार्ट सिटी के नाम पर लूटा गया जनता का पैसा

# पहली बारिश में उजागर हुई सतना नगर निगम की पोल

**सतना।** सतना शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आवंटित 1,530 करोड़ से अधिक के बजट का आज हाल ये है कि पहली ही बारिश में पूरा शहर दलदल में तब्दील हो गया है। गली-मोहल्ले से लेकर मुख्य सड़कों तक जलभराव और कीचड़ से लोग परेशान हैं। आम आदमी पार्टी सतना के जिलाध्यक्ष डॉ.अमित सिंह ने नगर निगम और महापौर योगेश ताम्रकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि "स्मार्ट सिटी के नाम पर स्मार्ट लूट हुई है-कमीशनखोरी, ठेकेदारी सांठगांठ और घटिया निर्माण से सतना शहर को बर्बादी के कगार पर ला खड़ा किया गया है।



### नगर निगम की घोर लापरवाही

सड़कें पहली ही बारिश में उखड़ गईं,गड्ढे और कीचड़ से आवागमन बाधित।नालियां और सीवर लाइनें जहां बनी हैं,वहां ढलान का कोई लेवल नहीं-पानी निकासी नहीं हो पा रही। कई स्थानों पर खुले नाले और ट्रांसफार्मर हादसे को न्योता दे रहे हैं। पार्क निर्माण में भी व्यापक भ्रष्टाचार,सांसद स्वयं निरीक्षण कर विरोध कर चुके हैं,लेकिन कार्यवाही नदारद है।

### जनता का पैसा बर्बाद,जवाबदेही नहीं

स्मार्ट सिटी बजट के नाम पर घटिया मटेरियल से काम,कागजों पर योजनाएं पूरी,लेकिन ज़मीन पर कुछ नहीं नगर निगम में ठेकेदार-महापौर गठजोड़ है। सीवर लाइन प्रोजेक्ट के नाम पर पूरे शहर की सड़कें खोद डाली गईं,और ठेकेदार बीच में ही काम छोड़कर गायब हो गए। नतीजा-गड्ढों में गिरकर आम नागरिक दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। जिन जगहों पर काम अधूरा पड़ा है,वहां न तो बैरिकेडिंग है,न कोई चेतावनी बोर्ड-यह सीधे-सीधे आपराधिक लापरवाही है। सीवर लाइन की प्लानिंग बिना किसी इंजीनियरिंग सिद्धांत के की गई-ढलान नहीं,निकासी नहीं। नालियों का गंदा पानी गलियों और घरों तक पहुंच रहा है। शहर के कई हिस्सों में गंदा और प्रदूषित पानी पीने को मजबूर हैं नागरिक-पानी की टंकियों में सीवर का रिसाव,स्वास्थ्य आपदा का कारण बन रहा है। डॉ.अमित सिंह ने कहा कि "महापौर और नगर निगम का एकमात्र एजेंडा कमीशनखोरी और फोटो खिंचवाना बन गया है। जनता की ज़िंदगी नारकीय हो रही है और ये लोग विकास के नाम पर दिखावा कर रहे हैं। अतः स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की उच्चस्तरीय जांच हो-बजट कहां और कैसे खर्च हुआ?,जिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने गुणवत्ता से समझौता किया,उनके खिलाफ FIR हो, सतना नगर निगम में जन प्रतिनिधित्व के नाम पर भ्रष्टाचार का अंत हो,जनता को पूरे प्रोजेक्ट का वार्षिक लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए। आम आदमी पार्टी सतना इस जनविरोधी रवैये के खिलाफ हर मंच पर आवाज उठाएगी।

## बिना राशन दिए घर-घर जाकर लगवा रहे अंगूठा, निकाल रहे पर्ची, कार्यवाही की मांग




**मैहर।** सेल्स मैन के आदमियों द्वारा घर घर जाकर ग्रामीणों को बिना राशन दिए घर घर जा कर थंबप्रिंट लगा कर पर्ची निकाली जा रही है। जिसका वीडियो एक ग्रामीण के द्वारा बना लिया गया और कार्यवाही की मांग की जा रही है। मामला मैहर जिले के अमरपाटन के ग्राम जमुना का है जहां रविवार को दोपहर अजीत पटेल ग्राम जमुना पहुंच कर ग्रामीणों को बिना राशन दिए अंगूठा लगा कर पर्ची निकाल रहा था जिसका पूरा वीडियो स्थानीय ग्रामीण बबलू सिंह ने बना लिया और सोशल मीडिया में वायरल करते हुए कार्यवाही की मांग की वहीं ग्रामीण ने जब अजित सिंह से मशीन के बारे में पूछताछ की तो बताया गया सेल्स मैन ने दिया है और ग्रामीणों के अंगूठा लगा कर पर्ची निकालने का काम दिया है। वहीं बताया जा रहा ग्राम जमुना में शासकीय राशन दुकान एकता पिता अशोक के नाम है मगर बेटी की नाम दुकान होने के बावजूद पिता के द्वारा संचालन किया जा रहा है। वहीं विजेंद्र जडिया सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी अमरपाटन ने बताया कि सेल्समैन के ऊपर पूर्व में भी 10 से ज्यादा प्रकरण दर्ज हैं उक्त वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### ब्रांच सतना में योग दिवस का आयोजन

**सतना।** अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के अशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन ब्रांच सतना में निरंकारी भक्तों एवं स्थानीय निवासीयों द्वारा योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया गया। सतना ब्रांच संयोजक डॉक्टर जे.पी.सेवानी ने इस अवसर पर बताया कि योग से निरोग रहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है जिसके द्वारा आध्यात्मिक, शारीरिक,मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को संतुलित किया जा सकता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जीया जा सकता है। निरंकारी मिशन का ऐसे स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल यही है कि इस भागदौड़ भरी जिदंगी में अपनी सेहत पर और ध्यान देते हुए उसे बेहतर एवं उत्तम बनाते हुए एक स्वस्थ जीवन जीना है। कार्यक्रम में योगा का आरम्भ सिमरन एवं पी टी से हुआ तदोपरांत योग प्रशिक्षक विक्रम चांदवानी ने योगाभ्यास करवाया जिसमें विभिन्न प्रकार की योग मुद्राओं को बताया जिससे हम अपने शरीर और मन को स्वस्थ रख सकते हैं। इसके अतिरिक्त सामूहिक रूप से योग के विभिन्न आसनों,प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं जैसे बैठकर,पीठ के बल लेटकर,पेट के बल लेटकर,खड़े होकर किए जाने वाले अनेक आसन किए गए। निसंदेह इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य जीवन शैली को अधिक सुंदर बनाना तथा सेहतमंद जीवन जीना है जो योग द्वारा सार्थक है।

# एक सौ दो लीटर अवैध शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर एवं एसडीओपी ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक विजय सिंह परस्ते व सहयोगी स्टाफ द्वारा नशे के कारोबार से जुड़े आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही थाना रामनगर पुलिस को मुखबिर के माध्यम से अवैध शराब बिक्री व भंडारण की सूचना प्राप्त होने पर हमराही स्टाफ व साक्षीगण के साथ ग्राम पिपरी कोठार पहुंचकर मुखबिर के बताये अनुसार शिवराज सिंह बघेल के घर के पास पहुंचकर हमराही स्टाफ के सहयोग से घेराबंदी की गयी एवं दरवाजा खुलवाया गया जाकर घर की तलाशी ली गई तो संदेही शिवराज सिंह बघेल निवासी सेमरिया गढिया के घर के कमरे में 11 कार्टून में देशी व अंग्रेजी शराब मिली। आरोपी शिवराज सिंह बघेल के पास उक्त शराब रखने के संबंध मे कोई वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। आरोपी शिवराज सिंह बघेल पिता स्व.धर्मराज सिंह बघेल उम्र 50 साल निवासी ग्राम सेमरिया गढिया टोला थाना रामनगर के कब्जे से कुल 102.03 लीटर शराब कीमती 65260 रुपये की जप्त की गई एवं आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया व अपराध क्रमांक 350/25 पंजीबद्ध किया गया जाकर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक विजय सिंह परस्ते थाना प्रभारी रामनगर,सहायक उपनिरीक्षक समरजीत कोल,आरक्षक राहुल मिश्रा,आरक्षक राजेश यादव,आरक्षक गुड्डू कुमार,आरक्षक आशीष रावत,महिला आरक्षक सविता तिवारी आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## भांजे का हत्यारा मामा मझगवां के जंगल से गिरफ्तार

**सतना।**सिटी कोतवाली अंतर्गत जवाहरनगर के कुम्हरान टोला में गुरुवार की रात को मकान को खाली कराने के विवाद को लेकर सगे मामा द्वारा लाठी से पीट-पीट कर भांजे की हत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी रामलाल बेलदार को गिरफ्तार कर लिया है। रामलाल बेलदार ने विवाद के दौरान अपने सगे भांजे रामबहोर बेलदार पुत्र नीलकंठ बेलदार 45 वर्ष की हत्या कर दी थी। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक फरार आरोपी रामलाल बेलदार को मुखबिरों की सूचना पर टीआई सिटी कोतवाली रावेन्द्र द्विवेदी द्वारा मझगवां के जंगल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा पूछताछ किये जाने के बाद आरोपी मामा को न्यायालय में पेश किये जाने की खबर मिली है।घटना के संबंध में बताया गया है कि आरोपी द्वारा अपने विकलांग भांजे रामबहोर बेलदार को वर्षों पूर्व रहने के लिये मकान दिया गया था। जिसमें वह सपरिवार रह रहा था। मामा द्वारा कई बार मकान खाली किये जाने के लिये कहने पर वह हमेशा टाल मटोल कर देता था। जिससे रामलाल बेलदार भांजे से काफी नाराज चल रहा था। सूत्रों की माने तो आरोपी भांजे द्वारा मकान पर कब्जा करके उसे हड़पने की साजिश मानकर भांजे से नाराज था।

## शासन के न्यायालयीन प्रकरणों की ई फाईलिंग अनिवार्य

### जीपी ने सुविधाओं के लिए पत्र लिखा

**सतना।** *ई-कोर्ट समिति की बैठक कार्यवाही विवरण के पालन एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर से संबंधित समस्त न्यायालयीन प्रकरणों की ई-फाइलिंग हेतु, 3.0 साफ्टवेयर का उपयोग अनिवार्य किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुसार मे लोक अभियोजक व शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा ने जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर मैहर एवं सतना को पत्र लेख कर जीपी व एजीपी के उपयोग हेतु कार्यालय में कम्प्यूटर सह आपरेटर,प्रिंटर,स्केनर,नेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने का पुनः अनुरोध करतें हुए लेख किया है कि अन्यथा स्थित में प्रकरण एवं उनके जवाब प्रस्तुत किया जाना संभव नहीं हो सकेगा। जीपी ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतना को इस हेतु सतना व मैहर के एजीपी का प्रशिक्षण कराए जाने का भी अनुरोध किया था। जिसके अनुक्रम में इसी सप्ताह जीपी व एजीपी का प्रशिक्षण ई दक्ष केंद्र कलेक्ट्रेट सतना में कराया जाना निश्चित किया गया है।*

# ट्रक चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल, दो की हालत गंभीर, जिला चिकित्सालय रिफर

**अमानगंज।** नगर अमानगंज के पन्ना बाईपास रोड रामपुर चौराहा पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक चालक को टक्कर मार दी जिसमें दो लोग घायल हो गए, उनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम खमरी निवासी चाली पिता धनुवा आदिवासी उम्र 25 वर्ष अपनी हीरो कंपनी की नई मोटरसाइकिल से गांव के ही बिज्जू पिता दरबारी आदिवासी उम्र 45 वर्ष को इलाज के लिए अमानगंज अस्पताल घंस्सू पिता विदुआ आदिवासी उम्र 23 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल पर पीछे बैठाकर ला रहा था कि तभी पन्ना बाईपास पर जेके सीमेंट कंपनी से सीमेंट लेकर पन्ना की ओर जा रहा था जिसने तेज रफ्तार में बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग गिरकर घायल हो गए। जिन्हें डायल 100 वाहन के माध्यम से इलाज के लिए अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर दो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय










रेफर कर दिया गया। वहीं मामले में अमानगंज थाना पुलिस ने बाइक चालक को टक्कर मारने वाले ट्रक को पड़कर उसके खिलाफ में मामला दर्ज किया और विवेचना प्रारंभ की।

## खबर संक्षेप

### यात्री प्रतीक्षालय का जीना हुआ जर्जर, कभी भी हो सकता है हादसा

**पन्ना।** बस स्टैंड मे यात्री की सुविधा के लिए बनाया गया प्रतीक्षालय के अंदर जीना जर्जर हालत मे है यहां तक कि जीना के सरिया भी दिखाई दे रहे पलस्तर झड झड कर गिर रहा है। दिन भर यात्रियों का आना जाना लगा रहता है कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है इसके अलावा प्रतीक्षालय मे कवाड का डेर लगा रहता है ऊपर से छत से पानी अलग टपक रहा है कुल मिलाकर देखा जाए तो प्रतीक्षालय इस समय यात्रियों के लिए काम नही आ रहा नगर परिषद को समय रहते इस ओर ध्यान देना चाहिए जिससे किसी किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके साथ ही छत से टपक रहे पानी की वजह से अंदर पानी भरा रहता यात्री ठीक से बैठ भी नही पाते इस ओर ध्यान दिए जाने मांग की गई है।

### प्रेक्षक से कर सकते हैं संपर्क

**पन्ना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए नियुक्त प्रेक्षक राजा सिंह परिहार पन्ना पहुंच गए हैं। प्रेक्षक श्री परिहार सर्किट हाउस पन्ना में ठहरे हैं। उप चुनाव के संबंध में कोई भी व्यक्ति अथवा दल के प्रतिनिधि सर्किट हाउस में प्रेक्षक से संपर्क कर सकते हैं। प्रेक्षक के मोबाइल नंबर 9406621016 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का आगमन 24 जून को

**पन्ना।** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया मंगलवार, 24 जून को सुबह 8 बजे सकौर से प्रस्थान कर पन्ना आएंगे। आयोग अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया 11 बजे पन्ना में पिछड़ा वर्ग छात्रावासों का निरीक्षण कर दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे एवं शाम 5 बजे छतरपुर रवाना होंगे।

### नितिन राजपूत बने करणी सेना परिवार दमोह के जिला अध्यक्ष

**दमोह।** करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने मारुताल दमोह निवासी नितिन सिंह राजपूत को दमोह जिला अध्यक्ष बनाया है इनकी इस नियुक्ति से समाज और प्रशंसकों में हर्ष व्याप्त है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नितिन सिंह राजपूत ने कहा कि में अपने परिवार के प्रमुख और हमारे मार्गदर्शक जीवन दादा का हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने एक छोटे कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है सामाजिक एकजुटता हेतु करणी सेना परिवार को मजबूती प्रदान करने हेतु सदैव तत्पर करूंगा सभी का आभार। इस दौरान सभी ने नव नियुक्त अध्यक्ष को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

### गोदाम में डीएपी खाद नही, बाजार में 1600 से 1800 रूपये में मिल रही

**पथरिया।** वैसे तो हर साल की किसानों को खाद की समस्या का सामना करना पड़ता है लेकिन उसके बाद भी शासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नही कराया जाता जिससे कि हर बार किसानों को गोदाम में नही मिलने के कारण बाजार में 1600-1900 तक की बोरी खरीदना पड़ रहा है पर सोचने वाली बात है कि डबल लाक गोदाम में खाद खत्म हो गया पर बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है सिर्फ 400-500 रूपए अतिरिक्त एक बोरी पर देना होंगे मिल जाएगा किसानों की मजबूरी है कि जरूरत है बोनी करना है तो जहां जितने में मिल जाए लें लेंगे और व्यापारी ऐसे मौका को खोना नही चाहता है वैसे जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अगर चाह लें तो अपने क्षेत्र में व्यवस्था कर सकते हैं नही तो जैसी व्यवस्था है उसी प्रकार सब चलता रहेगा पहले रेक आ जाए फिर गोदाम में और फिर टोकन बंटेंगे और फिर कही एक एकड़ जमीन पर एक बोरी उपलब्ध हो पायेगी ऐसी कहानी चलती रहती है। जिला कलेक्टर से मांग है कि पर्याप्त मात्रा में खाद गोदाम पर उपलब्ध हो जिससे किसानों को बाजार से महंगे दामों में ना खरीदना पड़े साथ ही जो मनमाने तरीके से बेच रहे हैं उन पर कार्यवाही हो।

## आत्म संयम और अनुशासन का नाम योग - बहन जी

# योग द्वारा स्वस्थ एवं सुखी जीवन का उपहार

### सकारात्मक मनोदशा ही सच्ची योग अनुभूति है,योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं

**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बहन जी ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग हमारे जीवन का सर्वांगीण विकास करता है आज हम सिर्फ एक दिन ही नहीं परंतु योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं तन के साथ-साथ मन को ठीक करने के लिए हमें योग करना अति आवश्यक है क्योंकि मन ठीक होगा तो तन भी ठीक होगा।



संपूर्ण स्वास्थ्य उसी को कहा जाता है जो शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक,नैतिक, आर्थिक और सामाजिक इन 6 प्रकार से दुरुस्त हो लेकिन वर्तमान समय इनमें से एक प्रकार का भी स्वास्थ्य दिखाई नहीं देता है क्योंकि जीवन शैली ही अस्वस्थ है दवाइयां एक बीमारी को ठीक करने के साथ दूसरी बीमारी को बढ़ा देती है। आगे आपने कहा जब मनुष्य की मनोदशा अर्थात मन की दशा सकारात्मक होती है तो मन परमात्म अनुभूति का माध्यम बनकर जीवन के महान लक्ष्य की अनुभूति करने का साधन बन जाता है, परंतु जब मनुष्य के मन की दशा नकारात्मक होती है तो मन जीवन में रोग और दुख का कारण बन जाता है इसलिए मन को स्वस्थ और प्रसन्न बनाने वाला योग ही यथार्थ योग है और इससे ही जीवन में सच्ची सुख शांति और खुशी की अनुभूति होती है। हमारे जीवन में वर्तमान समस्याएं और संबंधों में तनाव और टकराव का मूल कारण कोई व्यक्ति या परिस्थितियां नहीं है बल्कि सकारात्मक मनोदशा का अभाव है राजयोग (ध्यान मेडिटेशन) का जीवन में अभ्यास प्रारंभ करते ही मन में व्याप्त नकारात्मक मनोवृतियों की पहचान होने लगती है प्रत्येक मनुष्य में नकारात्मक कर्म और व्यर्थ चिंतन के अनुसार उसके मन में नकारात्मक मनोवृतियों का निर्माण होता है अतः राजयोग ध्यान मेडिटेशन द्वारा आत्म अनुभूति ही मन को नकारात्मक वृत्तियों से मुक्त करने का सर्वश्रेष्ठ मार्ग है, आज के महत्वपूर्ण दिवस पर हम सभी रोज अपने जीवन में योग करने का संकल्प लेते हैं सभी ने रोज योग करने का संकल्प लिया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में नर्सों की भर्रेशाही





**अमानगंज।** नगर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों चर्चा में बना हुआ है जिसे देखकर लगता है कि यहां पर कानून व्यवस्था का राज नहीं है जिसकी लाठी उसी की भैंस की तर्ज पर चलता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में बरसों से जमी नर्से अपना वर्चस्व बनाए हुए हैं आए दिन मरीजों से खुले आम अभद्रता एवं सेवा शुल्क के बिना कोई काम नहीं होता। पन्ना जिले में अमानगंज सबसे बड़ा आबादी वाला क्षेत्र है जहां पर नगर सहित ग्रामीण जनता स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए अमानगंज आते हैं परंतु नर्सों की हठधर्मिता के आगे सब परेशान देखे जा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दोनों अपनी दुर्दशा के लिए पन्ना जिले में प्रथम पायदान पर देखा जा रहा है नर्सों को डिलेवरी का कार्य मिला हुआ है जिन में प्रत्येक पृथक-पृथक ड्यूटी करके ग्रामीण क्षेत्र के भोले भाले लोगों को ठग कर पैसे वसूल किए जाते हैं और प्रसूता को दो दिन तक डिलेवरी कराने के लिए जबरदस्ती बाध्य किया जाता है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में एक भी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है पर भर्ती किसके दम पर किया जाता है।

### ड्रेसर की नहीं है कोई व्यवस्था

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर की वर्षो से कमी बनी हुई है देखने में आया है कि पूर्व कंपाउंड रमेश रैकवार के सेवा निवृत होने से आज तक के स्वास्थ्य विभाग के आल्हा अधिकारियों के द्वारा एक भी ड्रेसर की नियुक्ति नहीं की है क्षेत्र में हो रही है भीषण वाहन दुर्घटनाओं को देखकर ड्रेसर की नियुक्ति अविलंब होनी चाहिए जिससे घायल को प्राथमिक उपचार जल्दी मिल सके नवागत जिला ब्ड्भ्ठ को ध्यान देना होगा।

### कर्मचारियों की मनमानी

ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी कभी समय पर नहीं पहुंचते हैं जिससे ओपीडी सहित अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो जाती है और डॉक्टर का इंतजार करते देखे जाते हैं जिला प्रशासन एवं जिला का स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं। अविलंब सुधारने का कार्य करें, जिससे पीड़ति, शोषित, गरीब मरीज का समय पर इलाज हो सके। जिला कलेक्टर एवं जिले के स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेवार अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पर जरूर नजर डालेंगे।

## राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचक नामावली से जुड़ी जानकारी को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में शनिवार को राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय और विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचक नामावली सहित आयोग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश सुखवीर सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण को गंभीरता और जिम्मेदारी से लें।

यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रदेश के सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सुचिता के लिए मतदाता सूची एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बीएलओ भारत निर्वाचन आयोग का सबसे निचले स्तर पर एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स को विधिक प्रावधान एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, रोल प्ले, केस स्टडीज, बीएलओ ऐप एवं फॉर्म भरने के अभ्यास का आंकलन तथा शंकाओं का समाधान किया गया।

### प्रशिक्षण के बाद मास्टर ट्रेनर्स का किया गया मूल्यांकन

आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद मास्टर ट्रेनर्स का मूल्यांकन किया गया। इसके लिए आईआईआईडीईएम से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 10 जिलों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन, उप मुख्य निवार्चन पदाधिकारी सुरभि तिवारी एवं राजेश यादव, राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर प्रवास जैन, वाई.पी. सिंह भी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 जून को

पन्ना।

गृह विभाग के आपदा प्रबंधन संस्थान के निर्देशानुसार जेंडर संवेदनशीलता एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर जिला प्रशासन के समन्वय एवं यूएन वीमेन इंडिया के तत्वाधान में बुधवार, 25 जून को सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक मड़ला के एमपीटी होटल में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिला कलेक्टर ने एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम को नोडल अधिकारी बनाया है, जबकि संबंधित विभागीय अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा भी आवश्यक सहयोग व समन्वय किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आपदा प्रबंधन की तैयारी एवं प्रतिक्रिया प्रणालियों में जेंडर समानता, सामुदायिक लचीलापन एवं विभागीय समन्वय की प्राथमिकता अनुसार गत दिवस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ था। इस क्रम में स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं संवेदनशील समुदायों से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके पूर्व ग्राम भ्रमण कार्यक्रम के तहत सोमवार, 23 जून को आपदा प्रबंध संस्थान एवं यूएन वीमेन के अधिकारियों द्वारा सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक ग्राम लक्ष्मीपुर का भ्रमण कर महिलाओं, युवाओं एवं समुदाय के अन्य सदस्यों से आपदा जोखिम, तैयारी और जेंडर आधारित आवश्यकताओं पर संवाद किया जाएगा।

# देवेंद्रनगर-सतना-पन्ना रोड पर सार्वजनिक शौचालयों की कमी, महिलाओं को होती है भारी परेशानी

देवेंद्रनगर।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सरकार द्वारा खुले में शौच से मुक्ति और स्वच्छता के लिए जो प्रयास किए गए हैं, वे निश्चित ही सराहनीय हैं। देवेंद्रनगर नगर परिषद ने भी इन अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई है और बीते वर्षों में सफाई, जल निकासी, सड़क निर्माण जैसे कई क्षेत्रों में सकारात्मक कार्य हुए हैं। किन्तु इसके बावजूद एक अत्यंत बुनियादी आवश्यकता सुलभ शौचालय और यूरिनल की सार्वजनिक व्यवस्थाकृपूरी नहीं हो पा रही है। सतना-पन्ना मार्ग पर, विशेषकर हायर सेकेंडरी स्कूल से लेकर बड़वाड़ा मोड़ तक, कहीं भी कोई सार्वजनिक शौचालय या यूरिनल उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति न केवल राहगीरों और स्थानीय व्यापारियों बल्कि विशेष रूप से महिलाओं के लिए असुविधा और असम्मानजनक स्थितियाँ पैदा कर रही है। हालाँकि बस स्टैंड परिसर में एक सुलभ शौचालय अवश्य है, लेकिन शाम के समय अधिकांश बसें तिहारी जैसे स्थानों पर रुकती हैं, जहाँ किसी भी प्रकार की शौच सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस कारण यात्रियों को, विशेष रूप से महिलाओं को, शर्मिंदगी और कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जो स्वच्छ भारत मिशन की भावना के विपरीत है। मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन, देवेंद्रनगर तहसील इकाई की अध्यक्ष एवं समाजसेविका श्रीमती पारुल जैन ने इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए नगर परिषद से अपील की है कि इस मार्ग पर शीघ्रातिशीघ्र सार्वजनिक शौचालयों और यूरिनलों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं, श्जीरो सेवा समितिश ने भी नगर प्रशासन से इस दिशा में तत्काल ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। यह एक आवश्यक जनसरोकार है, जिसे अब प्राथमिकता से देखा जाना चाहिए। नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा किए जा रहे अन्य कार्य भले ही कुछ समय के लिए रुके रहें, लेकिन इस सार्वजनिक सुविधा की पूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। नगर परिषद यदि इस दिशा में त्वरित और ठोस कदम उठाती है, तो न केवल जनस्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह मानवीय गरिमा और नागरिक सुविधा की दिशा में भी एक प्रशंसनीय पहल होगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पन्ना जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त 13 पद एवं सहायिका के 328 रिक्त पद पर भर्ती के लिए एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विगत 20 जून से आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ है। महिला आवेदकों द्वारा पोर्टल पर आगामी 4 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है, जबकि आवेदन में संशोधन की तिथि 7 जुलाई निर्धारित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि परियोजना अजयगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के क्रमशः 3 एवं 85, गुनौर में 2 एवं 51, पन्ना ग्रामीण में 3 एवं 73, पवई में 1 एवं 65 तथा शाहनगर में कार्यकर्ता के 4 एवं सहायिका के रिक्त 49 पद पर भर्ती की जाना है, जबकि पन्ना शहरी परियोजना अंतर्गत कार्यकर्ता के एक भी पद रिक्त नहीं हैं, केवल वार्डवार आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त सहायिका के 5 पद पर भर्ती की जाएगी। शैक्षणिक योग्यता, आयु एवं अन्य नियम निर्देशों की जानकारी के लिए पोर्टल का अवलोकन किया जा सकता है। कार्यालयीन दिवस एवं समय पर कलेक्ट्रेट स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी अथवा परियोजना कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

# अपना वजूद तलाशती अस्पताल परिसर की पुलिस चौकी, लूट की घटनाओं पर न पुलिस चौकस, न बैंक सजग

**देवेंद्रनगर।** नगर के मध्य स्थित शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित पुलिस चौकी आज स्वयं अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। नगरवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्षों पूर्व खोली गई इस चौकी की आज हालत यह है कि यहां कोई पुलिसकर्मी तैनात नहीं होता। यह चौकी महज एक सूनी कक्ष बनकर रह गई है, जहां न कोई फरियादी पहुंचता है, न ही कोई जवाबदेही नजर आती है। स्थापना के प्रारंभिक दिनों में कुछ औपचारिक तैनाती जरूर की गई थी, परंतु वह भी स्थायी व्यवस्था में तब्दील नहीं हो सकी। इसका नतीजा यह हुआ कि इस चौकी का प्रभाव कभी महसूस नहीं हुआ।

### बैंक से निकासी के बाद लूट की घटनाएं बढ़ीं, खुलासे नहीं

19 जून को अस्पताल से महज कुछ कदम की दूरी पर दो बड़ी घटनाएं, चोरी और लूट, दिनदहाड़े घटीं। दुर्भाग्यवश, यह नगर के लिए नई बात नहीं है। पिछले पाँच-छह वर्षों में भारतीय स्टेट बैंक से नकदी निकालने वाले कई नागरिकों के साथ रेकी कर लूट की घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि आज तक एक भी मामले का कोई ठोस खुलासा नहीं हो पाया है। अब जब भारतीय स्टेट बैंक का नवीन कार्यालय नगर की सीमा के लगभग बाहर, अपेक्षाकृत सुनसान क्षेत्र में स्थित है, तो अपराधियों को रेकी व वारदात के लिए अधिक समय और अवसर मिलने लगे हैं। नागरिकों में भय का माहौल है और व्यापारी वर्ग विशेष रूप से दहशत में है।

### नाबालिगों की संदिग्ध गतिविधियां, बैंक प्रबंधन की अनदेखी

लगातार हो रही लूट की वारदातों में एक समानता यह भी पाई गई है कि घटनास्थल ओर बैंक परिसर के अंदर अक्सर नाबालिग लड़कों की संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। बैंक के अंदर अकेले मौजूद ये किशोर रेकी का काम करते हैं, लेकिन बैंक प्रबंधन ने अब तक इन गतिविधियों को गंभीरता से नहीं लिया। जबकि सामान्य सी बात है कि अकेले नाबालिक लड़कों का बैंक में क्या काम ? सवाल यह उठता है किकृजब हर वारदात के तार नाबालिगों से जुड़ते रहे हैं, तो बैंक की सुरक्षा प्रणाली और सतर्कता तंत्र आखिर क्यों सक्रिय नहीं हुआ?

### सुरक्षा का समन्वय जरूरी

समय की मांग है कि भारतीय स्टेट बैंक और स्थानीय पुलिस मिलकर बैंक परिसर तथा आसपास की सुरक्षा के लिए समन्वित योजना बनाएं। पुलिस चौकी का पुनः सक्रिय होना, और उसे नवीन बैंक कार्यालय के पास स्थानांतरित कर मजबूत करना अनिवार्य है। यह न केवल लूट जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाएगा, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा भी बहाल करेगा।

### समय रहते कदम जरूरी

पुलिस प्रशासन और बैंक प्रबंधन दोनों को चाहिए कि वे बीते वर्षों की घटनाओं से सबक लें और लापरवाही की जगह जिम्मेदारी को अपनाएं। क्योंकि अगर अब भी ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में स्थितियां और भयावह हो सकती हैं।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों को प्रशासन लेकर पहुंचा उड़ला, स्थानीय जनता ने किया जमकर विरोध और प्रशासन को किया विदा

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज तहसील के ग्राम उड़ला में आज स्थानीय प्रशासन जिले की सिमरिया तहसील क्षेत्र के सांटा बुद्ध सिंह गांव के 69 परिवारों को जो बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में निवासरत थे उन्हें ग्राम उड़ला में शासकीय भूमि पर बसावट देने के प्रयास में ग्राम पंचायत उड़ला पहुंचा था। जैसे ही इस बात की जानकारी स्थानीय जनता को लगी तो ग्राम उड़ला से आदिवासी एवं हरिजन ग्रामीण भारी संख्या में प्रशासन के समक्ष आकर खड़े हुए और इस बात का विरोध करने लगे कि आप हमारे ग्राम की जमीन स्थानीय ग्रामीणों को ही देंगे बाहर के ग्रामीणों को यहां बसावट नहीं मिलेगी। हमारे यहां भी कई परिवार ऐसे हैं जो भूमिहीन है और लंबे समय से भूमि की मांग कर रहे हैं, हम लकड़ी काटकर मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं, यदि इसमें सुनाई नहीं होती तो हम जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश सरकार तक पहुंचेंगे और इसका विरोध करेंगे। आज इस मौके पर एसडीएम गुनौर रामनिवास चौधरी और तहसीलदार पी एल सांड्या एवं हल्का पटवारी उड़ला सहित भारी संख्या में प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। जिन्होंने मौके की स्थिति को समझते हुए तत्काल ही मामले की सूचना जिला प्रशासन कलेक्टर को दी और उनके निर्देश पर समूचा प्रशासनिक अमला तत्काल ही वापस हुआ। मौके पर हरिजन और आदिवासी मैदान में आकर इस बात का दम से विरोध कर रहे थे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार, 23 जून को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होगी। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर ने सर्वसंबंधितों से बैठक में जानकारी के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## लापरवाह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का सात दिवस का मानदेय काटा

**पन्ना।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने शनिवार को अजयगढ़ एवं पन्ना ग्रामीण परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अजयगढ़ परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र बगहा एवं सलैया बंद पाए जाने पर बगहा की कार्यकर्ता मनीषा गुप्ता एवं सहायिका सुनीता बाई तथा सलैया की कार्यकर्ता कस्तूरी शिवहरे एवं सहायिका सावित्री बाई गौड़ को केन्द्र संचालन में लापरवाही पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर सात दिवस का मानदेय काटने की कार्रवाई की गई। साथ ही पांच दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। समाधानकारक जवाब प्रस्तुत न करने पर एवं कृत्य की पुनरावृत्ति पर संबंधितजनों को भर्ती नियम 2007 के तहत पद से पृथक किया जाएगा। इस संबंध में जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को भी समय सारणी अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है अन्यथा कार्य के प्रति लापरवाही पाए जाने एवं केन्द्र बंद मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### अवैध कट्टा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे पुलिस अभियान के तहत बमीठा थाना पुलिस ने ग्राम खैरी प्रतीक्षालय के पास एक बड़ी सफलता हासिल की। रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध रामेश्वर पटेल को 12 बोर देशी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई जिले में अवैध हथियारों की तस्करी और उपयोग पर नकेल कसने की दिशा में एक और कदम है, जहां अब तक 350 से अधिक आरोपियों को पकड़ा जा चुका है।

थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान बमीठा पुलिस को सूचना मिली कि खैरी प्रतीक्षालय के पास एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार के साथ मौजूद है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। संदिग्ध रामेश्वर पटेल, पिता मोतीलाल पटेल, निवासी जटा पहाड़ी, भागने की कोशिश में था, लेकिन पुलिस ने उसे धर दबोचा। तलाशी में उसके पास से एक 12 बोर देशी कट्टा और कारतूस बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, और उसे न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में एसडीओपी खजुराहो नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय, सहायक उपनिरीक्षक अशोक शर्मा, कमलेश द्विवेदी, और अन्य पुलिस कर्मियों की अहम भूमिका रही।

### दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर ने फ्रांस में मनाया योग दिवस

**योग और अध्यात्म के जयकारों से गूंजा इंडोनेशियन गार्डन**

**खजुराहो।** फ्रांस के अरियाज राज्य के लवलाने शहर में 11वें विश्व योग दिवस के अवसर पर दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर, खजुराहो के तत्वावधान में इंडोनेशियन गार्डन में एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। आचार्य विद्यासागर महाराज, दद्दाजी (देव प्रभाकर शास्त्री), बागेश्वर धाम और ओशो के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में सैकड़ों योग प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें योग प्रोफेसर कैफी भी शामिल थे। लवलाने के मेयर सायनिचस ने इस सफल आयोजन के लिए भारतीय दूतावास, पेरिस का आभार व्यक्त किया। दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर, खजुराहो के प्रमुख पंडित सुधीर शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। नियमित योग से चिंता और थकान कम होती है, एकाग्रता और ऊर्जा बढ़ती है, हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है, प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है, पाचन क्रिया बेहतर होती है, और रक्त शर्करा का स्तर नियंत्रित रहता है। सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि सेंटर की ओर से भविष्य में भी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन विश्व योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग को सार्थक करता हुआ दिखाई दिया, जिसमें शारीरिक कल्याण के साथ-साथ वैश्विक एकता पर जोर दिया गया।

### दस दिन में होगा सनसिटी की समस्याओं का निदान : विधायक

**छतरपुर।** विधायक श्रीमती ललिता यादव ने सनसिटी कालोनी प्रबंधन एवं विकास समिति की समस्याओं को सुनने के उपरांत कहा कि भाजपा सबको साथ लेकर चलती है। नगरपालिका में पार्षदों के काम दलगत नीति से ऊपर उठकर प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। शहर के किसी भी क्षेत्र को विकास से उपेक्षित नहीं रखा गया है। सनसिटी कालोनी की समस्याओं के निदान की प्रमुखता से पहल की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगरपालिका की बैठक में पुरजोर तरीके से सनसिटी कालोनी की समस्याओं से रखा जाएगा।

# नाबालिग लड़की को गांव के युवक ने भगाया

## पिता ने पुलिस से लगाई बेटी की तलाश की गुहार



**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के अतरार गांव में एक नाबालिग लड़की को गांव के ही एक युवक द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। लड़की के पिता ने आरोप लगाया कि इस अपहरण में आरोपी का बड़ा भाई और बहनोई भी शामिल हैं। पिता ने पुलिस से निष्पक्ष जांच और अपनी बेटी को जल्द बरामद करने की मांग की है।

अतरार निवासी रामस्वरूप यादव ने बताया कि वह पेशे से मजदूर है और एक बेटी तथा एक बेटे का पिता है। 7 मई 2025 को दोपहर करीब 1 बजे, गांव के ही महेंद्र कुशवाहा ने उनकी नाबालिग बेटी को मोटरसाइकिल पर जबरन बिठाकर भगा ले गया। रामस्वरूप ने बताया कि इस घटना के समय परिवार उनकी भतीजी की शादी की तैयारियों में व्यस्त था। महेंद्र के बड़े भाई बाबू कुशवाहा ने भी इस अपहरण में सहयोग किया। रामस्वरूप ने 8 मई को पड़रिया पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज की, लेकिन उनका दावा है कि पुलिस ने उनकी बेटी की उम्र गलत तरीके से 18 वर्ष 4 माह दर्ज कर ली, जबकि वह नाबालिग है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम सरपंच आरोपियों को संरक्षण दे रहा है, जिससे जांच प्रभावित हो रही है। रामस्वरूप ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस मामले की जांच किसी निष्पक्ष वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से कराई जाए। उन्होंने मांग की कि उनकी बेटी को जल्द से जल्द आरोपियों के कब्जे से बरामद कर उन्हें सौंपा जाए।

# सड़क हादसे में पति-पत्नी और पुत्र हुए घायल

## तेज रफ्तार कार की चकाचौंध से हुआ हादसा

छतरपुर।



बिजावर कोतवाली क्षेत्र के सटई के पास बछरौनिया में शनिवार रात करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार अज्ञात कार की हेडलाइट की चकाचौंध के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायलों को तत्काल उपचार के लिए सटई उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

घायल परिवार के सदस्य राजेश यादव निवासी बिजावर ने बताया कि मुकेश यादव 48 वर्ष, उनकी पत्नी उपमा यादव 40 वर्ष और बेटा अंश यादव 16 वर्ष बिजावर से ग्राम बसारी, एक जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे। सटई के पास बछरौनिया में सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात कार की हेडलाइट की चकाचौंध के कारण मुकेश का मोटरसाइकिल पर नियंत्रण छूट गया, और तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सटई उप स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत को देखते हुए छतरपुर जिला अस्पताल भेजा, जहां उनका इलाज जारी है।

# महिला ने पति को दूसरी लड़की के साथ पकड़ा, जमकर किया हंगामा



मोहल्ले में दो घंटे तक चला तमाशा, पुलिस दोनों को ले गई थाने

**छतरपुर।** शहर की चेतगिरी कॉलोनी में शनिवार को एक पति-पत्नी के बीच हुए विवाद ने हंगामे का रूप ले लिया। महिला ने अपने पति को किसी अन्य लड़की के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया, जिसके बाद दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। हंगामा इतना बढ़ा कि मोहल्ले वालों को पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने दोनों को कोतवाली थाने ले जाकर शिकायत दर्ज की और कार्रवाई शुरू कर दी। चेतगिरी कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले इस दंपती के बीच विवाद तब शुरू हुआ, जब पत्नी ने पति को एक अन्य लड़की के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। गुस्साई पत्नी ने मौके पर हंगामा शुरू कर दिया, जो करीब दो घंटे तक चला। स्थानीय निवासी राजेश सक्सेना ने बताया कि इस दौरान एक लड़की के साथ मारपीट भी हुई, जिससे मोहल्ले का माहौल खराब हो गया। उन्होंने कहा कि कॉलोनी में कई परिवारों की बहन-बेटियां रहती हैं, और ऐसी घटनाएं उनके लिए गलत मिसाल पेश कर रही हैं। मोहल्ले वालों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कोतवाली थाने ले गई। कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर श्याम बेन ने बताया कि दोनों की शिकायत सुनी जा रही है, और विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात कीड़े के काटने से युवक की मौत




**छतरपुर।** जिले के किशनगढ़ में वार्ड नंबर 17 के रहने वाले 19 वर्षीय शिवम रैकवार की अज्ञात कीड़े के काटने से मौत हो गई। बताया गया है कि शनिवार को मछली पकडने गए शिवम को अज्ञात कीड़े ने काट लिया था जिसके बाद रविवार सुबह उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तुरंत छतरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवम रैकवार शनिवार को किशनगढ़ में मछली पकडने गए थे, जब एक अज्ञात कीड़े ने उन्हें काट लिया। शुरुआत में कोई गंभीर लक्षण नहीं दिखे, लेकिन रविवार सुबह उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने बिना देर किए उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उनकी मृत्यु की पुष्टि की। रविवार को दोपहर 1 बजे जिला अस्पताल में शिवम का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही कीड़े की प्रजाति और मृत्यु के सटीक कारण का पता चल सकेगा।

# भारतीय युवा कांग्रेस के चुनाव प्राधिकरण ने शुरू किया सदस्यता और मतदान अभियान



20 जून से 19 जुलाई तक चलेगा अभियान, युवाओं से सक्रिय भागीदारी की अपील

**छतरपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण के जेडआरओ तुला रवि ने शनिवार को छतरपुर प्रवास के दौरान जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने मध्यप्रदेश में युवा कांग्रेस चुनाव के लिए 20 जून 2025 से शुरू होने वाले सदस्यता और मतदान अभियान की जानकारी दी। यह अभियान 19 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें 18 से 35 वर्ष के युवा ऑनलाइन भाग ले सकते हैं। प्रेसवार्ता में उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अनियमितता पर सख्त कार्रवाई होगी। तुला रवि ने बताया कि सदस्यता शुल्क 50 रुपये है, जिसका भुगतान 21 जुलाई 2025 तक किया जा सकता है। सदस्यता और मतदान की पूरी प्रक्रिया 'विथ आईवाईसी एप के माध्यम से ऑनलाइन होगी। ब्लॉक कमेटी, विधानसभा कमेटी, जिला महासचिव, जिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष पदों के लिए मतदान होगा। मतदान के दौरान वोटर आईडी, ई-मतदान पहचान पत्र और आधार कार्ड अनिवार्य होंगे। परिणाम जांच के बाद घोषित किए जाएंगे। छतरपुर के युवा कांग्रेसी नेता राजवर्धन मिश्रा ने बताया कि अभियान जोर-शोर से चल रहा है, लेकिन कुछ तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए तुला रवि का छतरपुर दौरा हुआ। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस मौके पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, पुष्पेंद्र कुशवाहा, अर्पित सिंह, संदीप पटेल, लोकेंद्र चंदेल, निक्की पाठक, शिवम दुबे अदि मौजूद रहे।

# विवाद के दौरान महिला ने की शर्मनाक हरकत बीच सड़क पर निर्वस्त्र होकर युवक को पीटा



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में पुराना इलाहाबाद बैंक के पास रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक प्लॉट विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यहां रहने वाले एक सोनी परिवार पर पहले पड़ोस के ही तीन लोगों ने छत से पथराव किया, जिससे दो पिता-पुत्र घायल हो गए। इतना ही नहीं विवाद के दौरान हमला करने वाले पक्ष की एक महिला ने शर्मनाक हरकत भी की। दरअसल महिला ने सोनी परिवार के युवक को पीट रही थी तभी अचानक बीच सड़क पर ही निर्वस्त्र हो गई जिससे मौके पर मौजूद लोग असहज हो गए। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कन्हैया लाल सोनी और उनका परिवार अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य के लिए गया था, तभी पड़ोस में रहने वाली सरोज पौराणिक, उनकी बेटी गुडिय़ा और बेटे दीपक ने छत से सोनी परिवार पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। पथराव में कन्हैया लाल और उनके पुत्र सत्यम को चोटें आईं। घटना के दौरान सरोज पौराणिक ने अचानक अपने कपड़े उतारकर दिए, जिससे मौके पर मौजूद लोग असहज हो गए। चूंकि मौके पर कुछ लोग विवाद का वीडियो बना रहे थे, जिसके चलते यह शर्मनाक घटना कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गई। उक्त मामले के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि है कि दोनों पक्षों में प्लॉट के मालिकाना हक को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# वर्ल्ड कप शूटिंग में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी छतरपुर की बेटी



**छतरपुर।** जिले के बमीठा गांव की रहने वाली काजल बघेल, आने वाले दिनों में इटली में होने वाले आईएसएसएफ वल्डकप शूटिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं। शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल की बेटी काजल ने अपनी मेहनत और लगन से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाई है।

उल्लेखनीय है कि काजल बघेल ने छह साल पहले खेलो इंडिया के ट्रायल में चयन हासिल किया था, जिसके बाद वह भोपाल की शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं। वहां रहते हुए वह कॉलेज की पढ़ाई के साथ-साथ निशानेबाजी का अभ्यास भी कर रही हैं। पिछले पांच वर्षों से काजल लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रही हैं और कई पदक अपने नाम कर चुकी हैं। हाल ही में भारतीय टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने उन्हें इटली में होने वाले वल्डकप के लिए चुना। काजल की इस उपलब्धि ने बमीठा और छतरपुर जिले को गौरवान्वित किया है। हाल ही में उनकी सटीक निशानेबाजी ने उन्हें भारतीय टीम में जगह दिलाई, और अब वह वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिए तैयार हैं। क्षेत्रवासियों ने काजल के उज्ज्वल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं और प्रार्थनाएं की हैं।

# खेत में काम कर रही लड़की को सांप ने काटा



खजुराहो।

थाना क्षेत्र के हटवाहा गांव की 17 वर्षीय मोहनी कुशवाहा को रविवार दोपहर 12 बजे खेत में काम करते समय साँप ने काट लिया। साँप के काटने से घायल मोहनी को तुरंत छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। बताया गया है कि मोहनी पुत्र लखन कुशवाहा दोपहर में अपने खेत में काम कर रही थी तभी एक साँप ने उनकी हाथ की उंगली पर काट लिया। परिजनों ने तत्काल उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने मोहनी का उपचार शुरू किया, और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# सुमेड़ी अपहरण कांड के मुख्य आरोपी सहित 5 गिरफ्तार, अपहृत महिला और बच्चे बरामद, कांग्रेस ने गठित की जांच टीम



**छतरपुर।** गत रोज लवकुशनगर थाना क्षेत्र के सुमेड़ी गांव में हुए सनसनीखेज अपहरण और हत्या के प्रयास के मामले में मुख्य आरोपी संजय सिंह राजपूत सहित पुलिस ने अभी तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपहृत महिला और उसके दोनों बच्चों को भी सकुशल बरामद कर लिया है। उल्लेखनीय है कि घटना के बाद एसपी अगम जैन ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घटना की जांच के लिए चार सदस्यीय दल गठित किया है, जो जल्द ही लवकुशनगर पहुंचेगा।

### यह है मामला -

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार को सुमेड़ी गांव में संजय सिंह राजपूत ने अपने करीब एक दर्जन साथियों के साथ मिलकर हथियारों और लाठी-डंडों से हमला किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपियों ने गांव में घुसते ही फायरिंग शुरू कर दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। संजय और उसके साथियों ने हरिराम पाल को लाठी-डंडों और कट्टे के बट से बुरी तरह पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद मिथलेश और उनके दो बच्चों को जबरन बोलेरो गाड़ी में बैठाकर ले गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें फायरिंग और अपहरण साफ दिखाई दे रहा है। हालांकि गांव में ऐसी चर्चा भी है कि संजय राजपूत और महिला के बीच कथित प्रेम प्रसंग था और हरिराम द्वारा इसका विरोध किए जाने के बाद यह घटना हुई। हालांकि, यह दावे अभी पुलिस जांच का विषय है। लवकुशनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को कल ही गिरफ्तार कर लिया था। रविवार को मामले के मुख्य आरोपी संजय राजपूत सहित तीन अन्य को भी पकड़ लिया गया है। लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि अभी तक प्रकरण के पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, और उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### कांग्रेस की जांच और राजनीतिक प्रतिक्रिया

राजनैतिक गलियारों में भी इस घटना की चर्चा तूल पकड़ रही है। उक्त घटना को संज्ञान में लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चार सदस्यीय जांच समिति गठित की है, जिसमें सुरेंद्र चौधरी, नारायण प्रजापति, प्रदीप खटीक, और किरण अहिरवार शामिल हैं। यह टीम जल्द ही सुमेड़ी गांव पहुंचकर घटना की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपेगी। जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि छतरपुर में दिनदहाड़े अपहरण और फायरिंग की घटना ने साबित कर दिया है कि मध्यप्रदेश में कानून का डर खत्म हो गया है।

### बिजली की आँख मिचौली से ग्रामीण त्रस्त, फूटा गुस्सा

**हरपालपुर।** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की लगातार कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। दिन-रात में 15 से 20 बार बिजली का आना-जाना आम हो गया है, जिससे गर्मी और उमस में बिना पंखे, कूलर या एसी के रहना असंभव हो रहा है। बिजली विभाग की लापरवाही और जर्जर व्यवस्था के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। रविवार को आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण हरपालपुर बिजली वितरण केंद्र पहुंचे, लेकिन कर्मचारियों ने ताला लगाकर भाग लिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि तीन दिन में बिजली व्यवस्था ठीक न हुई तो बड़ा आंदोलन होगा। उल्लेखनीय है कि सरसेड़, गलान, लहदरा, मडोरी, चपरन, काकुनपुरा, और कैथोकर जैसे गांवों में बिजली की स्थिति बद से बदतर है। झूलते तार, पुराने ट्रांसफॉर्मर और घटिया मरम्मत ने बिजली आपूर्ति को नाममात्र का बना दिया है। सरसेड़ गांव के भैया राजा, जितेंद्र सिंह सेंगर, भगवत नारायण यादव, विशाल सिंह, और राजेश पटेरिया सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि रातभर बिजली गायब रहती है, और फॉल्ट के नाम पर सरसेड़ फीडर को बंद कर दिया जाता है। पिछले छह महीनों में सरसेड़ में छह ट्रांसफॉर्मर खराब हो चुके हैं, और विभाग ने केवल आंदोलन के बाद ही कार्रवाई की। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं हो रहा, जिससे आमजन और व्यवसायी परेशान हैं।

# धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए पुलिस कर रही सतत भ्रमण

## एकांत मंदिरों पर विशेष निगरानी, पुजारियों और समितियों से संवाद



**छतरपुर।** पुलिस ने जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए सतत भ्रमण शुरू किया है। विशेष रूप से एकांत, जंगलों या दूरदराज क्षेत्रों में स्थित मंदिरों पर अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य चोरी जैसे संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। पुलिस ने मंदिर समितियों, पुजारियों और प्रबंधन से संवाद कर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने मंदिर समितियों और पुजारियों के साथ बैठकें कीं, जिसमें आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए संपर्क नंबर साझा किए गए। स्थानीय थानों और बीट प्रभारियों के नंबर भी उपलब्ध कराए गए ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर तुरंत कार्रवाई हो सके। छतरपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि धार्मिक स्थलों पर कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 7049101021 या डायल 100/112 पर सूचित करें।

## खबर संक्षेप

### मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** बीएलओ के क्षमता विकास हेतु शेष रह गए राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 जून को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के लिए तहसीलदारों, प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, प्राचार्य एवं व्याख्याताओं को नामांकित करते हुए नियत समय पर उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

### डिप्टी सीए ने भैरवबाबा मंदिर के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गतदिवस गुढ़ स्थित भैरवबाबा मंदिर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मंदिर सहित परिसर के सभी निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर हैं शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करें ताकि भव्य मंदिर का लोकार्पण कराया जा सके। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे उपस्थित रहे।

### खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी पर बड़ी कार्रवाई, सेल्समैन और ट्रांसपोर्टर दोनों पर गिरी गाज

**रीवा।** सरकारी राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मनगवां क्षेत्र में खाद्यान्न की हेराफेरी के गंभीर आरोपों के बाद एक सरकारी उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन और राशन परिवहन का जिम्मा संभाल रहे ट्रांसपोर्टर को उनके कर्तव्यों से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अंतर्गत वितरित किए जा रहे राशन के वितरण में गड़बड़ी की शिकायतें सामने आई थीं। जांच के बाद रघुराजगढ़ की सरकारी राशन दुकान के सेल्समैन अनिल साकेत और ट्रांसपोर्टर चेतमणि साकेत के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मनगवां थाने में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से दोनों को उनके कार्यों से पृथक कर दिया है। साथ ही, उचित मूल्य की दुकान रघुराजगढ़ का संचालन अब नागेन्द्र जायसवाल को सौंपा गया है, जबकि उलहीखुर्द की जिम्मेदारी अमरनाथ सिंह को दी गई है, ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए चेतमणि साकेत को राशन परिवहन के समस्त कार्यों से हटा दिया गया है। प्रशासन ने यह भी संकेत दिए हैं कि यदि अन्य स्थानों पर भी इस तरह की अनियमितता पाई जाती है तो आगे और कठोर कदम उठाए जाएंगे।

### महिला के पास से 9 हजार रूपए कीमती का गांजा किया जब्त

**कटनी।** बाकल थाना पुलिस ने एक महिला को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन मे अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत पुलिस ने टीम बनाकर नहर की पुलिया के पास ग्राम मसंधा मे एक संदिग्ध महिला दिखी जो पुलिस को देखकर घबरा गई तथा थैले को छुपाने लगी। रोककर नाम पता पूछने पर अपना नाम कमला बाई कोल उर्फ हरबोलनी पति नारायण कोल 55 साल ग्राम मसंधा थाना बाकल का होना बताई । थैले मे रखी सामाग्री के संबंध मे पूछा गया तो पहले तो अनाकानी करने लगी फिर स्वविवेक से पूछताछ पर मादक पदार्थ गांजा का होना बताई । गांजा की तौल करने पर 825 ग्राम कीमती करीबन 9000 रूपये का होना पाया गया। आरोपिया के विरूद्ध धारा 8/20 एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर धारा 35(3) बीएनएसएस का तामिल कर न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया।

## डिप्टी सीएम ने वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन का किया शुभारंभ

# ज्योतिष के ज्ञान और अनुभव का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज, रीवा।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन में ज्योतिष के ज्ञान और अनुभव का लाभ मिलेगा। यह सम्मेलन इस क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि साबित होगा। शुक्ल ने वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन का शुभारंभ किया। माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रीवा प्रकोष्ठ के सभागार में आयोजित सम्मेलन में श्री शुक्ल ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति में ज्योतिष का विशेष महत्व रहा है। ज्योतिष के माध्यम से सटीक गणना का आकलन करने की विधि सर्वमान्य रही है। उन्होंने कहा कि इस ज्योतिष यात्रा में जो ज्ञान और






अनुभव मिलेगें उससे समाज और जनसामान्य का कल्याण होगा। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने रीवा में आयोजित हो रहे ज्योतिष महामंथन के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्त, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय सहित देश के ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य तथा विद्वान उपस्थित रहे।बॉक्स उप मुख्यमंत्री धार्मिक आयोजन में हुए शामिल उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल गतदिवस औघड़दास आश्रम रीवा में आयोजित धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने औघड़दास बाबा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर गजेन्द्र दुबे द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य स्मृतियों को नमन किया।

## रीवा का भारतीय सेवा में अप्रतिम योगदान है - लेफ्टिनेंट जनरलपूर्व सैनिक देश के विकास में भागीदारी निभाएं





हरिभूमि न्यूज, रीवा।

कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत ने कहा कि पूर्व सैनिक कभी रिटायर नहीं होता है। पूर्व सैनिक अपने अनुभव और अनुशासन का लाभ सिविल डिफेंस में दें। पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने तथा उनकी समस्याओं को हल करने के लिए भारतीय सेना उनके घर तक जा रही है। साथिया कार्यक्रम, नेशनल वीरांगना सेवा केंद्र, नमन योजना और कॉल सेंटर के माध्यम से पूर्व सैनिकों की हर कठिनाइयां दूर की जा रही हैं। रीवा का भारतीय सेवा में अप्रतिम योगदान है । रीवा में 7500 से अधिक पूर्व सैनिक है। रीवा का सैनिक स्कूल शानदार है। इस स्कूल ने हमें वर्तमान सेना अध्यक्ष और नौसेना अध्यक्ष दिए हैं। उनके साथ-साथ सैकड़ो योग्य सैन्य अधिकारी भी रीवा सैनिक स्कूल से सेना को मिले हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि अग्नि वीर योजना युवाओं के लिए बहुत लाभकारी है। अग्नि वीर बनने के बाद जो सैनिक सेवा से बाहर निकलेंगे उन्हें केंद्र सरकार के संस्थानों राज्य सरकार के विभागों और बड़ी-बड़ी निजी कंपनियों में रोजगार के सुनहरे अवसर मिलेंगे। पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रशासन के सहयोग से तहसील और ग्राम स्तर पर शिविर लगाएंगे। रीवा में एक साल के भीतर बड़ी जमीन लेकर सेना की विकसित कैंटीन बनाई जाएगी जहां पूर्व सैनिकों को हर आवश्यक वस्तु मिल सकेगी। समारोह में प्रभारी कलेक्टर डॉक्टर सौरभ सोनवणे ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक और वीर नारियां हम सबके लिए सम्मान और श्रद्धा का केंद्र है। पूर्व सैनिक जिस तरह सेना में शानदार योगदान दे रहे थे वैसे ही जिले के विकास कार्यों में भी अपना योगदान दें। रीवा का सैनिक स्कूल विंध्य के लिए बहुत गौरव की बात है। इस सैनिक स्कूल के दो पूर्व छात्र आज देश की थल सेना और नौसेना की कमान संभाल रहे हैं। पूर्व सैनिकों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। समारोह में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व सैनिक और वीर नारियों का त्याग और बलिदान हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है ।पूर्व सैनिक सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण देने में सहयोग करें। समारोह में पूर्व विधायक तथा पूर्व सैनिक श्री लक्ष्मण तिवारी ने सेना द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए किये जा रहे हैं प्रयासों की प्रशंसा की। तिवारी ने सैनिक स्कूल परिसर की जमीन पर खेती करने तथा पूर्व सैनिकों के लिए क्लब गठन का भी सुझाव दिया। समारोह में सेना भरती कार्यालय जबलपुर के कर्नल गगन नारंग ने अग्नि वीर योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना से युवाओं को निशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग, उच्च शिक्षा के अवसर ,चार साल में लगभग 12 लाख रुपए का आर्थिक लाभ और अपने व्यक्तित्व को निखारने का अवसर मिलता है। ऑपरेशन सिंदूर में भी 3000 अग्निवीर सैनिक भारतीय सेना के साथ तैनात रहे। समारोह में सैनिक कल्याण और पुनर्वास के लिए संपर्कों की जानकारी देने वाली पुस्तिका का विमोचन किया गया। समारोह में देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले शहीदों की माता तथा वीर नारियों को श्रीफल शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में एनसीसी कैडेट ने स्वागत गीत और वीर जवानों ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किये । समारोह में ऑपरेशन सिंदूर की झलक दिखाई गई। समारोह में पूर्व सैनिकों के कल्याण की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। समारोह में दो पूर्व दिव्यांग सैनिकों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। समारोह में सैनिक कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री चौधरी ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव कर्नल सुरेंद्र कुमार, ब्रिगेडियर भूपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक अधिकारी भूतपूर्व सैनिक और शहीदों के परिजन उपस्थित रहे।

## नकली पहचान पत्र और वसूली गई राशि जब्त

# रेवांचल एक्सप्रेस में फर्जी टीटी पकड़ाया, यात्रियों से वसूल रहा था पैसा



रीवा।

यात्रियों की सतर्कता और सजगता के चलते रेवांचल एक्सप्रेस में टिकट जांच के नाम पर अवैध वसूली कर रहा एक फर्जी टीटी रंगे हाथों पकड़ा गया। यह घटना बीती रात तब सामने आई जब भोपाल जा रही रेवांचल एक्सप्रेस की जनरल बोगी में एक युवक द्वारा संदिग्ध तरीके से टिकट जांच की जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कटनी से सवार हुए एक युवक ने खुद को टीटी बताते हुए यात्रियों से टिकट दिखाने को कहा और जिन यात्रियों के पास टिकट नहीं थे, उनसे नकद वसूली शुरू कर दी। उसकी गतिविधियों और व्यवहार को लेकर यात्रियों को शक हुआ, खासकर जब उन्होंने युवक को नशे की हालत में पाया। यात्रा कर रहे रीवा के हरिहरपुर निवासी अभिषेक तिवारी ने बताया कि युवक के हावभाव और बातचीत में असंगति दिखने पर उन्होंने अन्य यात्रियों के साथ मिलकर पूछताछ की। युवक द्वारा दिखाया गया टीटी का आईडी कार्ड भी संदेहास्पद प्रतीत हुआ, जिसके बाद यात्रियों ने तत्काल ट्रेन में मौजूद जीआरपी जवानों को इसकी जानकारी दी सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से नकली पहचान पत्र और यात्रियों से वसूली गई नकद राशि भी बरामद हुई। प्राथमिक पूछताछ में युवक ने टिकट जांच अधिकारी होने की बात स्वीकार की, लेकिन कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। जीआरपी ने आरोपी युवक को कटनी स्टेशन पर उतारकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पकड़े गए नकद को यात्रियों को लौटा दिया गया है। रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी अब यह जांच कर रहे हैं कि क्या युवक किसी गिरोह से जुड़ा है या यह उसकी व्यक्तिगत हरकत थी।

## चार दिन से लापता युवक का फंदे से लटका मिला शव, मानसिक बीमारी से था पीड़ित



रीवा।

शहर के द्वारिका नगर इलाके में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। युवक का शव उसके घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस को आशंका है कि युवक ने आत्महत्या की है, हालांकि मामले की जांच जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक की पहचान शशांक गुप्ता (30) के रूप में हुई है, जो पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था। वह अकेले ही अपने मकान में रह रहा था और काम-धंधे से भी दूर था। घटना का खुलासा तब हुआ जब पास की दुकान से रोज सिगरेट खरीदने वाला युवक लगातार चार दिन तक नजर नहीं आया। दुकानदार को शक हुआ, तो उसने शशांक के परिवार को इसकी सूचना दी। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार आवाज देने पर भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो दरवाजा तोड़ा गया। कमरे में प्रवेश करते ही शशांक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। कमरे में बदबू फैली हुई थी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी मौत कुछ दिन पहले ही हो चुकी थी। सूचना मिलने पर अमहिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।बॉक्स कई बार इलाज करवाने के बाद भी नहीं मिला आरामपरिजनों ने बताया कि शशांक को कानों में लगातार अजीब आवाजें सुनाई देती थीं, जिससे वह काफी परेशान रहता था। उसका इलाज कई निजी और सरकारी अस्पतालों में कराया गया, लेकिन मानसिक स्थिति में सुधार नहीं हो पाया। इन्हीं कारणों से वह किसी भी प्रकार का काम नहीं कर पाता था और सामाजिक जीवन से कट चुका था,शशांक के भाई ने पुलिस को जानकारी दी कि कुछ समय पहले भी उसने आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की थी, लेकिन परिवार ने समय रहते उसे बचा लिया था। इस बार वह घर में अकेला था और किसी को भनक तक नहीं लगी कि वह किन परिस्थितियों में इस हद तक पहुंच गया।

## आनंद विहार ट्रेन के एसी कोच में महिला चिकित्सक का 6.40 लाख का सामान बदमाशों ने उड़ाया




### दिल्ली से अपने दो परिचितों के साथ आ रही थी

रीवा

प्रयागराज स्टेशन के पास हुई वारदातरीवा। आनंद विहार ट्रेन से रीवा लौट रही महिला चिकित्सक के साथ दो परिवारों का बैग सहित कीमती समान प्रयागराज स्टेशन के पास बदामशों ने एसी कोच से पार कर दिया। ट्रेन की बोगी में सोते समय अज्ञात बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया। प्रयागराज स्टेशन के पहले तक सभी सामान सुरक्षित ट्रेन में था, लेकिन जब ट्रेन प्रयागराज स्टेशन के आगे आई और लोगों की आंख खुली तो बैग, मोबाइल सहित कीमती सामान गायब मिला। मामले की शिकायत महिला चिकित्सक रेखा सिंघल सहित दो परिवार के लोगों ने जीआरपी थाना रीवा में दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस ने मामला प्रयागाराज स्थानांतरित किया है। बताया गया कि पर्स में एटीएम कार्ड भी रखा हुआ था, जिससे भी बदमाश कैश निकाल लिए है। अज्ञात बदमाशों ने करीब साढ़े 6 लाख से अधिक की सामग्री सहित कीमती सामान पार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक डॉ. रेखा सिंघल शुक्रवार को दिल्ली से रीवा अपने दो परिचित परिवारों के साथ रीवा आ रही थी। प्रयागराज स्टेशन के पहले उनकी नींद खुली तो सभी सामान सुरक्षित थे, जिसके बाद उन्हे नीद आ गई और जब ट्रेन प्रयागराज स्टेशन के आगे पहुंची और उनकी नीद खुली तो बैग, मोबाइल सहित कीमती सामान गायब मिला। पुलिस ने मोबाइल ट्रेस किया तो उसकी लोकेशन भी प्रयागराज के आसपास मिली है। शिकायत के बाद अब पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## रीवा जोन की पुलिस बनी सीएम हेल्पलाइन की चैंपियन, सिंगरौली-सीधी ने मारी बाज़ी

### आईजी गौरव राजपूत की मॉनीटरिंग रंग लाई, संभाग में गत महीने आई 5208 शिकायतो में अधिकांश का हुआ संतोषजनक समाधान

रीवा।

रीवा जोन आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर चलाए गए सभी अभियान में पुलिस विभाग ने पीड़ितों की शिकायतों को सुनकर उनका प्रभावी ढंग से समाधान किया है। शनिवार को जारी हुई सीएम हेल्पलाइन में पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों के निराकरण लिस्ट में रीवा जोन के दो ऐसे जिले हैं, जो टॉप पर रहे हैं। इनमें सिंगरौली जिला पहले और सीधी जिला दूसरे स्थान पर है। सिंगरौली में पिछले महीने आई 1045 शिकायतों में से पुलिस ने 94,02% का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया। सीधी जिला 916 शिकायतों में से 93.33% का




निराकरण कर दूसरे स्थान पर रहा। रीवा संभाग के सभी 6 जिलों में कुल 5208 शिकायतें प्राप्त हुई थी। इनमें से रीवा जिले में सर्वाधिक 1277 शिकायते थी, जिनका 84.16% निराकरण किया गया और इसने प्रदेश में 13वां स्थान प्राप्त किया। सतना में 1086 शिकायते मिली थी, जिनमें से 83.05% का निराकरण हुआ। आईजी जोन गौरव राजपूत ने सीएम हेल्पलाइन के मामलों को लेकर बेहतर तरीके से से मॉनीटरिंग की, जिससे शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट करते हुए निराकरण करने में रीवा जोन प्रदेश में टॉप पर पहुंच गया। बॉक्स लंबित शिकायतों पर पुलिस ने बढ़ाया फोकससीएम हेल्पलाइन में दर्ज पुराने मामलों के निपटारे को लेकर पुलिस महकमे ने इस माह गंभीरता दिखाई है। लंबे समय से लंबित मामलों को सुलझाने की दिशा में अब ज़िले सक्रिय नजर रही। सिंगरौली में 50 दिन से अधिक समय से अटकी शिकायतों में से करीब 17% का समाधान कर विभाग ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं, सीधी ज़िले ने भी अपनी 16.1% लंबित शिकायतों का निपटारा कर स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अब कार्रवाई में तेजी लाई गई वही सतना और रीवा ज़िले भी इस प्रयास में पीछे नहीं रहे। सतना में 10.27% और रीवा में 9.54% मामलों को सुलझाया गया, जो अब तक टलते आ रहे थे।बॉक्स शिकायतों में रीवा चौथे स्थान पररीवा जिला सबसे ज्यादा शिकायतों वाले जिले में शुमार है। इंदौर ग्वालियर व जबलपुर के बाद रीवा जिले का नम्बर है, जहां सबसे ज्यादा शिकायतें आती हैं। यहां शिकायतों की संख्या 1800 तक पहुंच जाती है। यही कारण है कि इतनी अधिक संख्या में शिकायतों का निराकरण पुलिस के लिए भी चुनौती होता है। बॉक्स मैहर-मऊगंज भी रहे पीछे शिकायतों के निराकरण में रीचा जोन को 2 जिले काफी पीछे रह गए। द्वितीय समूह में मैहर जिले का 9वां स्थान रहा। मैहर में 446 शिकायते आईं, जिनमें संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज 55.02 रहा, वहीं 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 20 में से 12.28 रहा। कुल वेटेज स्कोर 87.28 रहा। वहीं मऊगंज में शिकायतों की संख्या 438 रही। संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज 53066 और 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 7.87 रहा। कुल वेटेज स्कोर 81.38 के साथ द्वितीय समूह में 25वां स्थान रहा।

## पिता से नाराज होकर घर निकली नाबालिग लड़की पुणे में मिली

**बैकुंठपुर।** पुलिस ने किशोरी को खोजकर परिजनों को किया सुपुर्द रीवा। जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिता की फटकार से नाराज नाबालिग लड़की परिजनों को बिना बताए घर से चली गई। परिजनों ने आसपास सहित रिश्तेदारी में उसकी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली जिसके बाद उन्होने मामले की शिकयात बैकुंठपुर थाना में दर्ज करवाई। जिसके बाद पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को पुणे से दस्तयाब किया है । थाना प्रभारी निरी. जे.पी. पटेल नें बताया कि एक सप्ताह पूर्व पढ़ाई के लिये अपने पिताजी की डांट से नाराज होकर नाबालिग घर छोड़कर चली गई उस दौरान घर में माता पिता नही थे। बताया गया कि वह अपनी बहन से सब्जी लेने बाजार जाने की बात कहकर निकली और वहां से बस में बैठकर रीवा चली गई। रीवा से सतना होते हुये सीधे इटारसी स्टेशन पहुंची जहां वह 02 दिन तक बैठी रही । बाद में वहां से पुणे की ट्रेन में बैठकर पुणे स्टेशन जा पहुंची और स्टेशन में ही रुककर होटल वालों से खाना मांग कर खा लेती थी और वहीं सो जाती थी । बैकुण्ठपुर पुलिस लगातार किशोरी की सायबर सेल की मदद से तलाश कर रही थी जानकारी मिलने पर पुलिस टीम परिजनों को लेकर पुणे रेलवे स्टेशन पहुंची जहां से किशोरी को सकुशल वापस लाया गया एवं परिजनों के सुपुर्द किया गया है।